दिनांक : 09.10.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रादेशिक समाचार

लाडली बहना योजना

लाडली बहना योजना बंद होने को लेकर शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत के बयान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हर माह निश्चित समय पर बहनों के खाते में राशि डाली जा रही है। और मतदाताओं को एसे झूठे षड़यंत्रों से सावधान रहना चाहिए।

....

वन समितियों का सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज श्योपुर जिले की तहसील वीरपुर मुख्यालय स्थित कृषि उपज मण्डी परिसर में संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का जागरूकता सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 18 करोड़ 94 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 38 करोड़ 48 लाख रुपये के विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा वन समिति के सदस्यों के बच्चों को स्कूल बैग का वितरण भी किया जायेगा।

....

प्रधानमंत्री हरियाणा

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बादए पार्टी नेता और निवर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने श्री सैनी को जीत की बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होगी। राज्य में भाजपा ने 90 में से 48 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया है।

....

रिजर्व बैंक

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगातार दसवीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। रेपो दर को छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। रिजर्व बैंक ने स्थायी जमा सुविधा दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर तथा बैंक दर छह दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनाये रखी है।

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने विकास पर ध्यान केन्द्रित करने और मुद्रास्फीति को लक्ष्य के भीतर बनाये रखने के लिए मौद्रिक नीति रुख को बदलकर ३तटस्थ३ करने का निर्णय लिया है।

....

विश्व डाक दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व की सबसे बड़ी डाक व्यवस्था "भारतीय डाक विभाग" के समस्त कर्मियों को विश्व डाक दिवस की हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारतीय डाक सेवाएं संचार का माध्यम बनने के साथ ई-कॉमर्सए बैंकिंग सुविधा एवं डिजिटल इंडिया जैसी अनेक सरकारी योजनाओं को नागरिकोंए खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के निकट लाकर देश के विकास में अपना योगदान दे रही है।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- दमोह से जबलपुर आ रही बस के ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा जाने के कारण आज 20 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। सभी घायल को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हादसा जबलपुर के पास हुआ।
- अशोकनगर जिले में समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी का कार्य 25 अक्टूबर से किया जाएगा । इसको लेकर जिले में किसानों के पंजीयन किए जा रहे हैं।

....